## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बस ने वृद्धा को कुचला, दर्दनाक मौत



**सतना।** अमरपाटन थाना अंतर्गत सतना चौराहा में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए 65 वर्षीय महिला को कुचल दिया। जिसके कारण महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मृतिका सुमन गुप्ता 65 वर्ष पुरानी बस्ती अमरपाटन निवासी थी। घटना के संबंध में हासिल जानकारी के मुताबिक वृद्धा अमरपाटन के सतना चौराहे से होती हुई पुरानी बस्ती की ओर जा रही थी। इसी दौरान सतना की ओर से अमरपाटन जा रही बस के चालक ने उसे जोरदार ठोकर मार दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर 100 डायल एवं अमरपाटन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मौका मुआयना के बाद वृद्धा का शव कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कराया गया। इसके बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपाटन भिजवाया गया। जहां से पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। अमरपाटन पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ दुर्घटना कारित कर वृद्धा की गैर इरादतन हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस मर्ग कायम कर कार्यवाही कर रही है।

### ड्रोन से किया गया नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन



**सतना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मझगवां विकासखंड के ग्राम पडरी और मैहर के बेरमा और कन्हवारा के किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि उन्त तकनीकों के बारें भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही गांव के किसानों को लिक्विड यूरिया एवं कीटनाशकों के छिड़काव तथा ड्रोन संचालन के संबंध में भी जानकारी दी गई।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**सतना।** रघुराजनगर अनुभाग के प्राकृतिक आपदा से पीड़ित दो परिजनों को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। राजस्व विभाग के आरबीसी 6-4 के प्रावधान के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रघुराजनगर द्वारा ग्राम अहिरगांव निवासी राजकुमार कुशवाहा को पुत्री की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से तथा तहसील कोठी के ग्राम चोरबरी निवासी बाबूलाल विश्वकर्मा को पुत्र की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### मारवाड़ी महिला मंडल का दल पहुंचा मैहर,



**सतना।** मारवाड़ी महिला मंडल की महिलाओं का दल मैहर में शारदा देवी मंदिर के दर्शन करने पहुंचा। सब ने दर्शन किए उसके बाद होटल वृंदा में दोपहर का खाना खाया और खूब गेम्स और हाउजी खेली। उसके बाद केजेएस के मंदिर दर्शन करने गए।अध्यक्ष ज्योति चमड़िया के साथ इन्दु अग्रवाल,राखी सफ़ारिया,सुनीता बंसल,कुसुम चमड़िया,रेखा अग्रवाल,ममता चमड़िया,अपर्णा अग्रवाल,सविता गोयल,डॉली चमड़िया,कुसुम जैन,शैल जैन,अनु अग्रवाल,पारुल अग्रवाल आदि बहनें गई थी।

### राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी का छटवॉ पेटेंट पब्लिश

**सतना।** राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी का छटवॉ पेटेंट पब्लिश हुआ है। यह एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के बैनर तले हुआ है।

# बिहटा गांव में धान खरीदी का कार्य हुआ प्रारंभ

मध्यप्रदेश शासन की मंशाअनुरूप किसानों को राहत पहुंचाने बिहटा गाँव में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हुआ। ज्ञात हो बिहटा गोवरांव कला,कुंदहरी,अकहा,पिपरी कला,देवार,पिथौराबाद अतरवेदिया, धनेह,आदि गांव के किसान बिहटा केन्द्र को प्रारंभ करने लगातार विगत कई दिनों से अनुविभागीय अधिकारी से मांग करते आ रहे थे।

सतना।



किसानों की मांग का ख्याल रखते हुए बिहटा गांव में पूर्व जनपद अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह जूदेव के मुख्य आतिथ्य व भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र सिंह पटेल,भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शारदा सिंह,भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मूरत लाल कुशवाहा,अनिल सिंह परिहार,रमन सिंह,के आतिथ्य में धान खरीदी का कार्य हुआ प्रारंभ। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री जूदेव ने कहा कि हमारी साकार किसान भाइयों के साथ आम जन के हित में निरंतर वर्षो से काम करती आ रही है। कृषि कार्य को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में हमारी सरकार के द्वारा सतत काम किया जा रहा है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने ही स्वयं-सहायता समूह को धान खरीदी की जिम्मेदारी सौंपी है जिससे महिलाएं अपने पैरों में खड़ी हो सके। इस दौरान पूजा महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष मनीषा सिंह पटेल,सचिव अर्चना सिंह,उर्मिला सिंह,गायत्री सिंह,गोविंद सिंह सुधा सिंह के साथ पूजा स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य व क्षेत्रीय किसान भारी संख्या में मौजूद रहे।

## एकेएस में भारतीय किसान दिवस के अवसर पर एग्री फेस्ट का समापन

### हुनर के लिए पुरस्कार पाकर खिले स्टूडेंट्स के चेहरे



सतना।

एकेएस विश्व विद्यालय के कृषि एवम तकनीकी संकाय में एग्रीफेस्ट का समापन धूमधाम से हुआ। भारतीय किसान दिवस के उपलक्ष्य में इसे आसपास के कृषकों और एकेएस विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ गरिमा के साथ मनाया गया। जिसकी रूपरेखा फैकल्टी डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने रखी। सरस्वती बंदना तथा एकेएस कुल गीत के साथ चला कारवां देर तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की परिधि में सिमटा रहा। प्रो चांसलर,बी. पी सोनी, प्रति कुलपति प्रो. आर. एस. त्रिपाठी, डॉ. हर्षवर्धन, प्रो. जी. सी. मिश्रा, कृषि तकनीकी अधिस्थता एस.एस.तोमर,कृषि संकाय प्रमुख डा.नीरज वर्मा,टी.सिंह,डॉ अजीत सराठे,राजेश मिश्रा,प्रो. ए. के. मित्तल सभागार में उपस्थित रहे।स्टूडेंट्स स्नेहा सोनी,रागिनी डूबे,अंशिका मिश्रा,पूनम रजवाड़े,अमृता सिंह,भागवेंद्र दुवेदी,दिव्या तिवारी,मयंक भुजवा,आंचल सिंह,निखिल कुमार आदि छात्रों को एग्रीफेस्ट कनवीनर डॉ रमा,शीलेंद्र उपाध्याय तथा ऑर्गनाइजिंग सेकेट्री अंकित भगत ने सभी इवेंट के पुरुष्कार चांसलर बी.पी.सोनी के हाथों दिलवाया। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक डॉ अभीषेक सिंह,गरिमा सिंह,अमित तिवारी,डॉ भारती,विजय सिंह,नवनीत सिंह राठौर,धीरेंद्र चतुर्वेदी,प्रो.आर.सी.त्रिपाठी,डॉ. एस.के.पांडेय, डॉ. अशोक भौमिक,अनूप शुक्ला,प्राची सिंह,रवीश दुवेदी,डॉ वीरेंद्र विक्रम सिंह,विकाश सिंह,वीरेंद्र पांडेय,प्राची अवाधिया,पूनम शुक्ला,अभीषेक दुवेदी,भिषेक गौतम,रफिया अमीम,अमित बागरी,शिवकांत चंदेल,डॉ मोहिनी सिंह परमार के साथ विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपाष्टित रहे।

## धान खरीदी के लिये 32 अतिरिक्त उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण

सतना।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन के लिये जिला स्तरीय उपार्जन समिति की अनुशंसा पर 32 अतिरिक्त उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है। इनमें तहसील नागौद में 8,रामपुर बघेलान में 6,कोटर में 5,उचेहरा, रघुराजनगर,बिरसिंहपुर में 3-3,कोठी, मझगवां में 2-2 उपार्जन केन्द्र का निर्धारण किया गया है। इन सभी उपार्जन केंद्रों में स्व-सहायता समूह द्वारा समिति स्तर और वेयरहाउस स्तर पर धान खरीदी का कार्य किया जायेगा। कलेक्टर द्वारा तहसील नागौद में कन्हैया स्व-सहायता समूह कोडर का खरीदी स्थल कोडर,प्रगति महिला स्व-सहायता समूह चंदकुइया का चंदकुइया,दुर्गा स्व-सहायता समूह शिवराजपुर का शिवराजपुर, एकता स्व-सहायता समूह नोनगरा द्वारा नोनगरा,प्रेरणा स्व-सहायता समूह उमरहट का डाम्हा,मां शेरावली स्व-सहायता समूह बंडी का बंडी,अर्चना महिला स्व-सहायता समूह अमकुई का दुरेहा और भोलेनाथ स्व-सहायता समूह दुआरी कलां का खरीदी केंद्र सिंहपुर निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार तहसील रामपुर बघेलान अंतर्गत महराज कंगालदास स्व-सहायता समूह का रामपुर,मां शारदा स्व-सहायता समूह जनार्दनपुर का नेमुआ (मंडी रामपुर),जय माता स्व-सहायता समूह कुंद का मझियार,संतोषी स्व-सहायता समूह ऐरा का शाह (सेमरिया),एकता स्व-सहायता समूह चोरहटा का चोरहटा,बजरंगा स्व-सहायता समूह अहिरगांव का खरीदी स्थल अहिरगांव,तहसील कोटर अंतर्गत शारदा महिला स्व-सहायता समूह रजरवार का खरीदी स्थल टिकुरी,मीरा स्व-सहायता समूह गोरईया का घुघुचिहाई स्टेडियम,लक्ष्मी स्व-सहायता समूह गजिगवां का गजिगवां,सविनम महिला स्व-सहायता समूह खम्हरिया का खम्हरिया,अंबेडकर स्व-सहायता समूह स्व-सहायता समूह बिहरा का खरीदी स्थल लौलाछ को बनाया गया है। जारी आदेशानुसार तहसील उचेहरा अंतर्गत बजरंग स्व-सहायता समूह बिहटा का खरीदी स्थल इचौल,पूजा महिला स्व-सहायता समूह बिहटा का करहीकला,मां दुर्गा स्व-सहायता समूह कुलगढ़ी का अटरा,रघुराजनगर अंतर्गत संतोषी महिला स्व-सहायता समूह रामस्थान का रामस्थान,कौसर स्व-सहायता समूह सोहावल का शेरगंज,जनसेवक स्व-सहायता समूह डगडीहा का रैगांव,बिरसिंहपुर अंतर्गत सरस्वती स्व-सहायता समूह बिरसिंहपुर का बिरसिंहपुर मंडी,सिद्ध गणेश स्व-सहायता समूह का बांधी,इंद्रा स्व-सहायता समूह जमुवानी का विजयपुर निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार तहसील कोठी अंतर्गत लक्ष्मी स्व-सहायता समूह डांडीटोला का खरीदी स्थल डांडीटोला,मां शारदा स्व-सहायता समूह दिदौंध का दिदौंध,मझगवां अंतर्गत मानुषी स्व-सहायता समूह पगार खुर्द का कारीगोही,अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह केल्हौरा का खरीदी स्थल मझगवां निर्धारित किया गया है।

## व्हीआईपी स्कूल में मनाया गया 35वां वार्षिक क्रीड़ा उत्सव

### मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी ने किया बच्चों का उत्साह वर्धन



सतना।

सतना शहर की प्रथम प्रायवेट कान्वेंट स्कूल व्ही.आई.पी. कैम्पियन हायर सेकण्डरी स्कूल का 35वां वार्षिक क्रीड़ा उत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्रिकेट,कब्बडी,खो-खो, बॉलीबाल, स्पून रेस, मैराथन,तवा फेंक,भाला फेंक, डिस्कस थ्रो के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी रहे,अध्यक्षता संस्था के सचिव कार्तिकेय मिश्रा ने की।जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशासक प्रशांत शिवहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रिया मिश्रा ने स्वागत भाषण के माध्यम से पधारे अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली,प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में एक से बढकर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल,शिल्ड एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विद्यालय के क्रीड़ा प्रमुख रिषभ पाण्डेय ने शब्दों से किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रामयश त्रिपाठी,विनोद पाण्डेय, विंध्य वासिनी शुक्ला, पूजा गौतम, शालिनी सिंह,निर्जला शुक्ला, संगीता बुनकर,मो. इकबाल,प्रशांत शुक्ला,प्रदीप चौरसिया, रामदास तिवारी, इकबाल खान, अनिल मिश्रा, नीरज चुटेलकर, रीता कोल समेत शैक्षणिक एवं अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।



## दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का समापन

सतना।

अनुपमा आयरिस इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें खेलों की विविध विधाओं में छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्पोर्ट्स मीट के शुरुआत में छात्रों ने मार्च पास्ट किया। अनुपमा एजुकेशन सोसायटी के डायरेक्टर डॉ.प्रमोद तिवारी और सचिव डॉ.शैला तिवारी ने मशाल प्रजवलित कर खेलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सचिव डॉ.शैला तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से छात्रों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है और साथ ही खेल हमें टीम भावना भी सिखाते है। दो दिन के स्पोर्ट्स मीट में छात्रों ने क्रिकेट,दो सौ मीटर रेस,रस्सा कूद,खो-खो,बैडमिंटन,टेबल टेनिस,फुटबॉल,कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता में ट्यूलिप टीम फाइनल में विजय रही। फुटबॉल में बेस्ट प्लेयर का ख़िताब वंश प्रताप सिंह और अभिजीत श्रीवास्तव को दिया गया। इसी प्रकार बैडमिंटन में पलक शुक्ला ने बाज़ी मारी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय पांडेय,शिक्षकों में पिंटो पोलाचान,राशि चतुर्वेदी,आकृति शुक्ला,मधु सिंह, दीपिका श्रीवास्तव,माला विश्वकर्मा,सपना चौहान,अवंतिका अग्निहोत्री,रोशनी द्विवेदी,ममता पांडेय,गायत्री तिवारी, अखिलेश पांडेय,स्वाति पांडेय उपस्थित रहे।छात्रों को खेलों का अभ्यास स्पोर्ट्स अधिकारी सज्जन सर ने करवाया। स्पोर्ट्स मीट के अंत में सभी का आभार संस्था के सीईओ पीयूष पांडे ने प्रकट किया।

## वैश्य महासम्मेलन वर्ष 2024 के केलेंडर विमोचन का कार्यक्रम अमरपाटन में सम्पन्न

### संगठन वैश्य समाज के लोगो के लिए सुरक्षा की गारंटी है: हरिओम

सतना।

वैश्य महासम्मेलन म.प्र. द्वारा प्रकाशित वर्ष 2024 के कलेंडर का विमोचन का कार्यक्रम अमरपाटन में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में मैहर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल,तहसील अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रभारी राकेश ताम्रकार व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल,कसौधन समाज के जिला अध्यक्ष राधिका गुप्ता,महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में केलेंडर का विमोचन कर सभी आजीवन सदस्यों को तहसील में कलेंडर निःशुल्क वितरण किया गया। हरिओम गुप्ता ने कहा वैश्य महासम्मेलन संगठन वैश्य समाज के लोगों के लिए सुरक्षा की गारंटी है आप मध्य प्रदेश में कहीं भी रहें अगर आप इस संगठन से जुड़े हैं तो जहां भी रहें आपको हर संभव मदद मिलेगी उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हम सब संगठन से जुड़कर उसे मजबूत करें ताकि कोई भी आपको परेशान या अड़ीबाजी न कर सके।वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के सभी जिलों सभी 428 तहसीलों एवं ग्राम पंचायत में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इस अवसर अनिल जैन,गणेश ताम्रकार,पिंटू गुप्ता,ओम प्रकाश गुप्ता,संतोष गुप्ता,विजय गुप्ता,रघुवीर गुप्ता,राजेश गुप्ता,शुभम गुप्ता सहित काफी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित थे।



# शासकीय भूमि अजयगढ़ तहसील के सामने ही अतिक्रमण

## क्या एक दिन में हो गया जो आईटीआई भवन के लिए आरक्षित की गई जगह थी





शासकीय भूमि पर अतिक्रमण में कहीं न कहीं शासकीय अमले की बिना सह के संभव हो पाना कठिन है। वह भी तहसील के सामने अतिक्रमण होने के बाद मकान भी बन गये थे। वह तो तहसीलदार अजयगढ़ सुरेन्द्र कुमार की कार्यवाही जो बेबाक जानी जाती है। आपने पहले भी शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से बचाया है इस जमीन में भी एसडीएम के आदेश के तहत तत्परता से हुई कार्यवाही तो ढहाये गये मकान। आखिर अतिक्रमणकारियों को शासकीय जमीन में अतिक्रमण करना मंहगा साबित हुआ, मिली सीख।

पन्ना।

शासकीय भूमि में अतिक्रमण अब आम बात हो गई है क्योंकि अतिक्रमणकारियों सायद यह अंदेशा रहता है कि अतिक्रमण करने के बाद भी पट्टे मिल जाते है। तभी तो तहसील कार्यालय अजयगढ़ के पास ही आईटीआई भवन के लिए जो जगह आरक्षित थी उस पर मकान बन गये थें आखिर सवाल यह उठता है कि यह एक दिन में विश्कर्मा जैसे भगवान जैसे तो मकान का निर्माण अतिक्रमणकारियों ने कर नहीं लिया होगा। कहीं न कहीं मकान बनाने में समय लगा होगा। आखिर तहसील कार्यालय के सामने ही शासकीय भूमि में अतिक्रमण बेखौफ चलता रहा। जिससे साफ जाहिर होता है कि किसी न किसी की सह से ये हालात निर्मित है। आईटीआई भवन के लिए जो जगह आरक्षित थी इस पर एसडीएम अजयगढ़ के आदेश से जमीन को मुक्त कराने की दिशा तय हुई। वह तो तहसीलदार अजयगढ़ सुरेन्द्र कुमार की कार्यप्रणाली अपने आप में जानी जाती है। क्योंकि आपके द्वारा पहले भी शासकीय जमीन को अतिक्रमणकारियों से कई जगह मुक्त कराया गया है। वहीं इस जगह में भी तत्परता से कार्यवाही कराते हुए बने हुए तीन मकानों को ढहा दिया गया। साथ ही शेष अतिक्रमणकारियों में यह संदेश स्वमेव कायम हो गया वहीं प्रशासन ने भी चेतावनी दे दी स्वयं हटा ले अतिक्रमण वरना हश्र इसी तरह होगा। ढहा दिये जायेगें अतिक्रमणकारियों के आशियाने। अजयगढ़ तहसीलदार की कार्यप्रणाली अपने आप में जो जानी जाती है जिससे शासकीय भूमि जो आईटीआई भवन के लिए आरक्षित थी जहां मकान भी बन गये थे। मकान ढहाकर अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की दिशा तय हुई तथा कानून का सबक अतिक्रमणकारियों को समझ आया। शासकीय जमीन में अतिक्रमण करना आसान नहीं जब लोगों को सीख मिलती है तो सायद कहीं न कहीं शासकीय जमीन या नियमों का ख्याल रखा जाता है। सायद यह कार्यवाही कुछ समय तक अतिक्रमणकारियों को याद रहेगी। या फिर यह कहें जब तक विभाग से कोई न कोई सहयोग की भूमिका नहीं निभायेगा तब तक सायद अतिक्रमण होना संभव नहीं। क्योंकि शासकीय भूमि में एक दिन में अतिक्रमण नहीं होता यह तो क्रमशः जाना जाता है। फिलहाल अतिक्रमणकारियों ने हड़कम्प के हालात।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस




**पन्ना।** भारत सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिवस के अन्तर्गत 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में भी विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में बताया गया कि प्रधानमंत्री ने 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन घोषणा किया कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को बताया गया कि साहिबजादे जोरावर सिंह (उम्र-9 वर्ष) और फतेह सिंह (उम्र-7 वर्ष) सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं ।औरंगजेब के आदेश पर 1704 ई में मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहब को घेर लिया गया और दोनों को पकड़ लिया गया। इन दोनों शहीदों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस वीर बाल दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा निबंध ,पोस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित दाहिया ने इन दोनों वीरों पर आधारित फिल्म चारसाहिबजादे देखने और इनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पवई में नेकी की दीवार का हुआ शुभारंभ




**पवई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नेकी की दीवार का शुभारंभ बसस्टेंड प्रांगण में थाना प्रभारी सुधीर बेगी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ,नेकी की दीवार में जरूरत मंद लोगों को कपड़े उपलब्ध कराए गए तथा सभी लोगों से आग्रह किया गया की जो कपड़े या अन्य साम्रगी लोगों के पास जरूरत से अधिक है और वह जरूरत मंद लोगों को देना चाहते हैं तो बह सामग्री नेकी की दीवार में जरूरत मंद लोगों के लिए रख दें और अपनी जरूरत के सामान उठा ले तथा अन्य लोगों को प्रेरित करें। थाना प्रभारी ने अपने कहा कि यह बहुत ही नेक काम है पूरा पुलिस परिवार इस प्रकार के काम करने के लिए आप सभी का धन्यवाद देता है, तथा जो भी सहयोग नेकी की दीवार के लिए होगा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुधीर बेगी, ज्योति दुवे एस आई, डी.के. अहिरवार नायब तहसीलदार, सतानंद पाठक शिक्षक, हरिकेश बढोलिया, राजेश पाठक अध्यक्ष नवांकुर संस्था जनअभियान परिषद, सुनील तिवारी, पंकज बहरे, महेश खंगार, अभिषेक नामदेव, विनोद मिश्रा, सत्यम पाठक, प्रदीप बालमीक, रंजीत रैकवार, छगंगे कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे है जन समुदाय उपस्थित रहा।

### सोनू जैन को मातृ शोक

**अमानगंज** नगर के युवा कपड़ा व्यापारी सोनू जैन की माताजी श्रीमती सुमन जैन पति राजेंद्र जैन कि आज लंबी बीमारी के बाद मौत



हो गई उनकी उम्र तकरीबन 65 वर्ष बताई गई है जैसे ही यह खबर उनके समाज परिजनों नाते रिश्तेदारों में पहुंची तो सभी में शोक लहर दौड़ गई हिंदू धर्म के अनुसार आज स्थानीय मिडासन नदी के पावन तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां उन्हें मुखाग्नि उनके पति राजेंद्र द्वारा दी गई आपकी मृत्यु पर स्थानीय समाज के सभी नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने गहन शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आपकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना करते हुए यह बड़ा दुख सहन करने की क्षमता परिजनों को देने की कामना ईश्वर से की है।

# फुलवारी में दिया गया जीपीडीपी का प्रशिक्षण

## छः पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे




पन्ना।

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत फुलवारी में आज समर्थन संस्था के तत्वाधान में जनप्रतिनिधियो एवं पंचायत स्तरीय कर्मचारियो को ग्राम पंचायत विकास योजना वर्ष 2024-25 का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत फुलवारी में आज मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार मिश्रा एवं ज्ञानेन्द्र तिवारी द्वारा सतत विकास प्रक्रिया के तहत सन्दर्भित 29 विषय को 9 थिमेंटिक क्षेत्र में कैसे समाहित किया जाय एवं गतिविधियो को गांव में जाकर वर्गवार एवं ग्राम वार निकालने की प्रक्रिया चलाकर संकलित किया जाये।

### 9 क्षेत्र में बनेगा जीपीडीपी

ग्राम पंचायत के विजन दस्तावेज में सतत विकास लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाई जा रही योजना को जल से परिपूर्ण ,शिक्षा,स्वास्थ्य,महिला हितैषी,बाल हितैषी, सामाजिक समरसता,गरीबीमुक्त,अधोसरचना, शुशासन आधारित पंचायत बनाये जाने जिसमें 29 विषय को शामिल कर ग्राम सभा में प्रस्ताव पासकर योजना को ई ग्राम स्वाराज पोर्टल पर दर्ज करने पर समझ विकसित की गई । कार्यक्रम में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी पीयूष मिश्रा द्वारा लगातार मार्गदर्शन देकर कार्यक्रम को वेहतर करने की सलाह दी जा रही है। कार्यक्रम में आरती विश्वकर्मा, जलमित्र मानसी, आराधना, मंजू, रूचित, पूनम ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत राजापुर वेटूलाल, गुखौर के मौजीलाल वर्मा, सुन्दरा सरपंच राजकुमारी आदिवासी, सचिव ग्राम पंचायत फुलवारी अखिलेश गर्ग, विवेक गोतम,दिनेश वागरी,हाकिम सिंह,सुरेश यादव ,जीआरएस रामदास शर्मा, हरिशरण यादव, लवकुश विश्वकर्मा, द्रोपती पटेल, खेमराज कुशवाहा एवं पंच,उपसरपंच एवं ग्राम सभा सदस्य उपस्थिति रहे।




# आम उपभोक्ताओं से खाद्य अधिकारी ने किया आग्रह जब भी आप कोई वस्तु या सामान क्रय करें दुकानदार से बिल लें

**पन्ना।** जिले के संयुक्त नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस संगोष्टी का आयोजन किया गया। संगोष्टी में जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र कुमार खोबरिया ने आम जन उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी कोई वस्तु या सामान क्रय करे तो दुकानदार से बिल आवश्य ले। यदि वस्तु या सामान में गारंटी अथवा वारंटी अनुरूप कोई कमी पाई जाती है तो छतिपूर्ति पाने हेतु जिला उपभोक्ता आयोग, राज्य उपभोक्ता आयोग तथा राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में केस दर्ज कर क्षतिपूर्ति प्राप्त की जा सकती हैं आमजन उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के बारे में जिला आपूर्ति अधिकारी ने विस्तार से अवगत कराया। आयोग में ऑन लाईन के माध्यम से भी आवेदन किया जासकता है। नये कानून में मुख्य रूप से यह भी प्रावधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति या व्यापारी मिथ्या विज्ञापन देता है तो ऐसी शिकायतों पर भी केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा संज्ञान में लेकर मिथ्या विज्ञापन की पुष्टि होने पर संबंधित के विरूद्ध 10 लाख से लेकर 50 लाख तक की पैनाल्टी एवं पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान रखा गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता आरके निगम समाज सेवी आशीष बोस जिला प्रबंधक नाद जिला प्रबंधक डब्ल्यू एलसी पोस्ट मास्टर डॉक विभाग लीड बैंक प्रतिनिधि खाद्य सुरक्षा अधिकारी नापतौल निरीक्षक सभी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रट्रोल पम्प के प्रतिनिधि, गैस एजेन्सी के प्रतिनिधि उचित मूल्य दुकान के विक्रेता एवं क्षेत्रीय आमजन उपभोक्ता उपस्थित हुए। संगोष्ठी के दौरान उपस्थित विभागों द्वारा उपभोक्ता जागरूकता के संबंध में विभागीय जानकारी भी दी गई। इसी दौरान आशीष बोस समाजसेवी एवं आरके निगम वरिष्ठ अधिवक्ता उपभोक्ता के जागरूक के संबंध में उद्बोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप त्रिपाठी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के अंत में कल्लू पटेल कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जिले की जनता को उम्मीदें तीन विधायकों में से

# किसी न किसी को मंत्री मण्डल में लिये जाने को लेकर उम्मीदें

### जिले की तीनों विधानसभा सीटों में भाजपा पर जनता ने जताया भरोसा

पन्ना।

मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री मंडल की गठन को लेकर जहां आम जनचर्चा व्याप्त है पन्ना जिले की तीनों विधानसभाओं में भाजपा पर आम जनता ने भरोसा जताया। तीनों सीटों में भाजपा का परचम लहराया है। वहीं पिछली सरकार में खनिज मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री का दर्जा पन्ना से विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह को दिया गया था। जिसका परिणाम जिले में विकास की कई सौगातों को लेकर जाना गया। वहीं वर्तमान समय में तीनों विधायक भाजपा के जीत कर पार्टी में कहीं न कहीं सफलता को लेकर प्रदेश में जाने जा रहे है। वहीं जिले की जनता को भाजपा के नारे का सबका साथ सबका विकास को लेकर जिले से किसी न किसी विधायक को मंत्री मण्डल में जगह को लेकर बड़ी उम्मीदें बनी हुई है। क्योंकि पन्ना जिले का विकास मंत्री मण्डल में किसी न किसी विधायक से होने से निरंतर प्रगति को लेकर दिशा तय करेगा। जो पिछली सरकार से बाखूबी जाना जा रहा है। वहीं जिले को आज भी विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा है। क्योंकि पन्ना जिला पड़ोसी जिलों से विकास की दिशा में आज भी पीछे माना जा रहा है। साथ ही जो विकास कार्य पिछले कार्यकाल में कराये गये इनको गति देने के लिए भी कहीं न कहीं पन्ना जिले से मंत्री मण्डल में स्थान दिये जाने से स्वमेव विकास की गति गतिशील दिशा को लेकर बनी रहेगी। वहीं जनता में भी उत्साह की दिशा तय होगी वरना मायूसी के हालात को नकारा नहीं जा सकता। जिस तरह से जिले की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जाता है अब आम जनता को भी सत्तारूढ़ दल भाजपा से उम्मीदें है कि हमारे जिले की तीनों विधानसभाओं में से किसी न किसी विधायक को मंत्री पद से नवाजा जाये वहीं परफामेंस की बात करें तो शिवराज सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में खनिज एवं श्रम संसाधन विभाग की जिम्मेदारी बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बखूबी निभाई। जिनकी लगन व निष्ठा तथा विकास की दिशा को लेकर अलग ही जानी जाती हैं जिले को विकास के साथ-साथ प्रदेश में भी कार्यप्रणाली स्वमेव पहचान के रूप में छाप छोड़ती है युवा व्यक्तित्व तथा भावी सोच विकास की मानी जाती है साथ ही पवई विधानसभा की बात करें तो प्रहलाद सिंह लोधी जिन्होंने पूर्व मंत्री मुकेश नायक को पराजित किया है। वहीं आम जनता से जुड़ा हुआ चेहरा है। साथ ही गुनौर विधानसभा की बात करें तो युवा चेहरा तेज तर्रार कार्यप्रणाली को लेकर डॉ. राजेश वर्मा जो जाने जाते है आखिर तीन में से किसी न किसी को मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के मंत्री मण्डल में जगह को लेकर जिले की जनता को इंतजार है ताकि जिले के विकास की निरंतर दिशा प्रगति पथ पर जानी जाये।







# शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर जोर प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय ने दी हिदायत

पन्ना।

आखिर क्या है वजह शासकीय विद्यालयों में कई छात्र-छात्रायें लम्बे अर्से से विद्यालय में अनुपस्थित रहने की वजह क्यों बनती है। या इसी के पीछे विद्यालय प्रबंधन के मुखिया यानि की एच.एम. या प्राचार्य कभी इस पर नजर नहीं डालते। जब प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय ने शत-प्रतिशत शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति न होने पर नाराजगी व्यक्त की वहीं प्रमुखता से ऐसे छात्र-छात्राओं पर फोकस करते हुए अभिभावकों से मिलकर हालात जानने के लिए निर्देशित किया वहीं शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर चेतावनी दी।

शासकीय विद्यालयों में जब भी कोई छात्र या छात्रायें विद्यालय नहीं आते तो इसके पीछे क्या है वजह आखिर शासकीय विद्यालयों के एच.एम. या प्राचार्य क्या ऐसे बच्चों पर कभी गौर करने को लेकर गंभीर क्यों नहीं हुए। आखिर जब बच्चे दर्ज किये जाते है क्लास में नहीं आते यानि की विद्यालय ही नहीं आते वह भी लम्बे अर्से से हों। तो अभिभावकों से क्या विद्यालय के प्रबंधन के जिम्मेदारों ने कभी सम्पर्क किया। कुछ कह पाना कठिन हालात दर्ज संख्या पर पहले फोकस होता है वहीं विद्यालय में कितने छात्र या छात्रायें पढ़ने आते है इस पर गौर आखिर क्यों नहीं किया जाता। साथ ही जब लम्बे अर्से तक कोई भी छात्र या छात्रा विद्यालय ही नहीं आयेगें तो फिर इनकी शिक्षा का स्तर कैसे सुदृढ़ किया जायेगा जो अपने आप में बड़ा सवाल हैं वहीं वर्तमान समय में जिले का शिक्षा को लेकर स्वर्णिम समय माना जा रहा है। क्योंकि जिले के मुखिया यानि की कलेक्टर हरजिन्दर सिंह हो या कि प्रभारी कलेक्टर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ जिला पंचायत संघप्रिय जो शिक्षा की गुणवत्ता व परीक्षा परिणामों में सफलता को लेकर स्वयं ही रूचि लेकर आगे या तो दिशा दे रहे है या विभाग को समय रहते सचेत कर रहे है। अब देखना यह है कि विभाग के जिम्मेदार छात्र-छात्राओं की भविष्य को लेकर कितने सजग होगें क्योंकि ऐसे छात्र-छात्राओं की पड़ताल अब कितनी तत्परता से की जायेगी। जो कभी विद्यालय ही नहीं आते। आखिर इसकी वजह क्या है इसके पीछे अभिभावकों से शासकीय विद्यालयों की जिम्मेदार एचएम या प्राचार्य सम्पर्क करते हुए हालात जानने के लिए अब जाने जा सकते है क्योंकि विगत दिवस जिले में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा परिणाम यानि की सफलता को लेकर जिले की पहचान शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर तक कायम हो सकें इसके लिए प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय ने विभाग के जिम्मेदारों को यानि की प्राचार्यों की समीक्षा बैठक लेते हुए सीधे तौर पर हिदायत दी है। कि शासकीय विद्यालयो में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये अब देखना यह है कि जिम्मेदार कितनी तत्परता से कर्तव्य निर्वाहन करेगें ताकि ऐसे छात्र व छात्रायें जिनका भविष्य रजिस्टर में नाम को लेकर संवारा जा रहा है। बल्कि ये विद्यालय ही नहीं आते ऐसे छात्र-छात्रायें आखिर कहां है किस हालात में कहीं इनके माता-पिता इनके शिक्षा को लेकर बेखबर जो बने हुए है इनकी मजबूरी क्या है। अब ये हालात भी जाने जायेगें। जिन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रभारी कलेक्टर की सोच के चलते अब शिक्षा के हालात तय हो सके। आखिर जो छात्र-छात्रायें रजिस्टर में दर्ज थे पर विद्यालय में नहीं आते थे इनकी पड़ताल शुरू हो जायेगी और इन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनके भविष्य को विगड़ने से बचाने के दिशा सायद तय हो सकेगी। यह तो आगे वक्त ही तय करेगा आखिर जिले में ऐसे छात्र-छात्राओं को लेकर प्रभारी कलेक्टर की सोच के चलते अब जो लोग मजबूर है शिक्षा से वंचित हो रहे है इन्हें खोज कर शिक्षा प्रदान की जायेगी। वहीं इनका नाम रजिस्टर में तो दर्ज है पर अक्सर अनुपस्थित रहना इनकी वजह जानी जायेगी। जिससे आगे इन्हें विद्यालय में उपस्थित होने के लिए दिशा तय की जायेगी। वहीं इन्हें शिक्षा प्रदान करने को लेकर सायद अब प्रयास कारगर साबित होगे। विगत दिवस समीक्षा बैठक में जहां जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा तथा डाईट प्राचार्य रवि कुमार खरे वहीं डीपीसी अजय कुमार गुप्ता जो शिक्षा विभाग के प्रमुख दायित्वों को निर्वाहन को लेकर माने जाते है सभी प्राचार्यों के समक्ष कार्यप्रणाली को कार्ययोजना के रूप में लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए दिशा तय की गई है जिससे जिले में शिक्षा क्षेत्र में परिणाम ही स्वमेव जाने जायेगें जो सफलता का मुकाम साबित करेगे।



## खबर संक्षेप

### शासकीय बापू महाविद्यालय में नवागत प्राचार्य ने संभाला चार्ज

**नौगांव।** शहर के शासकीय बापू महाविद्यालय में पिछले दिनों नवागत प्राचार्य ने चार्ज सम्हाल लिया। बीते दिनों उच्च शिक्षा विभाग ने महाविधालय के लिए प्राचार्य नियुक्त करने का आदेश किया था।नवागत प्राचार्य हरदयाल अहिरवार इससे पहले शासकीय छत्रसाल महाराजा महाविद्यालय महाराजपुर में सहायक प्राध्यापक गणित में पदस्थ थे। राज्य उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद बीते दिनों अहिरवार ने नौगांव के बापू महाविद्यालय का चार्ज संभाला, और चार्ज संभालने के बाद महाविद्यालय के स्टाफ ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।

### पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया का दिया गया प्रशिक्षण



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह द्वारा रविवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आम नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में होने वाली समस्या का निदान करने और शीघ्र सत्यापन करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों से पासपोर्ट सत्यापन हेतु तय पुलिस कर्मचारी प्रशिक्षुओं को सम्पूर्ण प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश दिए गए एवं समस्त पासपोर्ट प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं समय पर पासपोर्ट के निराकरण के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में जिला विशेष शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक श्री हेमंत नायक, जिला विशेष शाखा के कर्मचारी एवं समस्त थानों से चयनित प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### कानून के विद्यार्थी ने गर्भवती महिला के लिए किया रक्तदान



**छतरपुर।** जिला अस्पताल में इलाजरत गर्भवती महिला के लिए युवा समाजसेवी ने रक्तदान किया। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया कि पूनम पत्नी राहुल भदौरिया निवासी बल्देवगढ़ पिछले चार दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती है। चूंकि उसके शरीर में रक्त की कमी थी इसलिए चिकित्सकों ने परिजनों को रक्त की व्यवस्था करने के लिए कहा था। परिजनों को दो यूनिट एबी प्लस रक्त की आवश्यकता थी। जब यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप के माध्यम से कानून की पढ़ाई कर रहे युवा राहुल रैकवार को मिली तो उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करते हुए परेशान परिवार की मदद की।

### किन्नर समाज ने आयोजित किया 7 दिवसीय सम्मेलन



**राजनगर।** छतरपुर जिले के राजनगर में अखिल भारतीय किन्नर समाज का सम्मेलन चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के लोग सम्मिलित हो रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वजों की बरसी करना और देश की सुख-शांति, समृद्धि की कामना करना है। यह कार्यक्रम राजनगर के निजी मैरिज गार्डन गोकुलधाम मे हो रहा है। 22 से 27 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मलका किन्नर राजनगर, सलमा किन्नर राजनगर, नीतू किन्नर छतरपुर, रजनी किन्नर पन्ना, सोनिया किन्नर छतरपुर, ज्योति किन्नर गुरसराय आदि की सराहनीय भूमिका है। 25 दिसम्बर को राजनगर में विशाल धार्मिक यात्रा का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, एमपी सहित समूचे देश से किन्नर समुदाय के लोग राजनगर पहुंच रहे हैं।

# नए शिक्षण सत्र से नए भवन में लगेगा सीएम राइज स्कूल

## 37 करोड़ की लागत से 20 एकड़ भूमि पर बन रहा सीएम राइज स्कूल

शहर में संचालित सीएम राइज शासकीय स्कूल का 37 करोड़ लागत से निर्माणधीन तीन मंजिला आधुनिक भवन पूर्णतः की ओर है। विभाग के अनुसार निर्माण कार्य इसी तरह से चलता रहा तो आगामी शिक्षण सत्र में नया भवन स्कूल विभाग को हैंडओवर हो जाएगा।

नौगांव।



जिसके बाद आगामी सत्र से सीएम राइज के छात्र आधुनिक भवन में स्मार्ट क्लास के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकेंगें। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की महत्तावाकांक्षी योजना के तहत शहर के मॉडल स्कूल में सीएम राइज स्कूल के आधुनिक भवन का 37 करोड़ की लागत से 20 एकड़ जमीन में भव्य निर्माण कार्य चल रहा है।

शासन ने मध्य प्रदेश भवन विकास निगम के माध्यम से ठेकदार के द्वारा दिसंबर 2022 में विधालय का निर्माण शुरू कराया था। जिसके तहत पिछले एक वर्षों से चल रहे सीएम राइज विधालय के तीन मंजिला भवन के ग्राउंड फ्लोर सहित दो मंजिल की छत का काम पूरा हो चुका है, तीसरी मंजिल की आधी छत डल चुकी है,आने वाले एक दो दिनों में छत का काम पूरा हो जाएगा। तो वहीं सुपरवाइजर दिनेश मिश्रा ने बताया कि भूतल भवन के साथ पहली मंजिल तक पुताई सहित अन्य फिनिशिंग का काम चल रहा है। साथ ही भू तल भवन पर कोटा स्टोन पत्थर बिछाने के कार्य चल रहा है। हमारी पूरी कोशिश है कि जुलाई के पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाये, जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चे भी प्रतिष्ठित निजी स्कूलों जैसे सुविधाजनक परिसर में बैठकर स्मार्ट पढ़ाई कर सकेंगे।

### प्राइवेट स्कूल जैसे होंगे CM राइज स्कूल

शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रैकिंग, क्लास में समुद्र जैसा नजारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा और सुविधाओं को लेकर बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। थीम बेस्ड बन रहे नए स्कूलों में स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास की व्यवस्था की जा रही है। टीचर्स के रहने की व्यवस्था कैंपस में ही होगी।

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूल अब मिशनरी और प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देंगे। सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास से लेकर बस फेसिलिटी और वाईफाई तक होगा। टीचर्स की ऑनलाइन ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग से लेकर स्पोर्ट्स के लिए बास्केट और वॉलीबॉल कोर्ट और एथलेक्टिस कोर्ट होंगे। स्टाफ क्वार्टर कैंपस में ही होंगे। इसे पहली कक्षा से लेकर 8वीं तक के बच्चों की छोटी से छोटी बात को ध्यान में रखकर नया रूप दिया जा रहा है। स्कूल में केजी से लेकर 12वीं तक की शिक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों से दी जाएगी।

### इस तरह रहेगा मॉडल

पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग एक पैटर्न पर निर्माण न करते हुए स्कूल और स्थान के अनुसार उसे बनाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। मॉडल के रूप में इसमें क्लास के लिए दो ब्लॉक बनाए गए हैं। एक हॉस्टल, स्टाफ क्वार्टर, एथलेटिक ट्रैक, बास्केट बॉल और वॉलीबॉल कोर्ट और ओपन स्पेस दिए गए हैं। इसके अलावा कार्यक्रम के लिए अलग से हॉल भी बनाया जा रहा है।

सीएम राइस स्कूल में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं,आने-जाने के लिए बस सुविधा रहेगी -

सीएम राइज स्कूलों में स्मार्ट तरीके से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। इन स्कूलों में आधुनिक लैब, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय की सुविधा के साथ कला, संगीत, खेल-कूद और व्यवसायिक शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों को उनके गांव से स्कूल तक लाने और वापस घर तक पहुंचाने के लिए सरकार बस की सुविधा भी मुहैया कराएगी। सीएम राइज स्कूल में केजी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा दी जाएगी।



## हमारे देश और हमारी संस्कृति से है हमारी पहचान: बीके रीमा

**छतरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शहर के पेप्टेक टाउन में मेरी संस्कृति मेरी पहचान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने कहा कि हमारी पहचान हमारे देश से है, हमारी संस्कृति से है। संपूर्ण विश्व में भारत अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। इसी से प्रभावित होकर दुनिया भर से लाखों लोग हर वर्ष यहां की संस्कृति देखने और जानने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि टूरिज्म मंत्रालय का प्रयास है कि जो भी टूरिस्ट विदेशी आते हैं तो वह यहां से अच्छी छवि लेकर जाए, इसके लिए हम सभी को उनके साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। उन्हें अच्छी सेवा देनी होगी। भारत की जो संस्कार हैं, मूल्य हैं, वैसा व्यवहार करना होगा। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने भारतीय संस्कृति के लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही उपस्थित महिलाओं ने भारतीय संस्कृति और भारतीय परिधान पर अपने विचार रखें। इसी मौके पर कुमारी परिधि चतुर्वेदी ने मनमोहन डांस प्रस्तुत किया। अंत में ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने उपस्थित महिलाओं से अनुरोध किया अपनी भारतीय संस्कृति से इसी प्रकार जुड़े रहे और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बने। कार्यक्रम में समाजसेवी नेहा चतुर्वेदी, मेनका नगर, सपना बहन, भारती बहन, जानकी निरंजन, ममता गुप्ता, स्मृति यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थिति रहीं।

# नवोदय विद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मलेन का हुआ आयोजन

नौगांव।

शहर के जवाहर नवोदय विद्यालय के अटल सभागार में दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन' का रविवार को शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन के अंतर्गत पहले दिन सुबह 9 बजे से विद्यालय के प्रथम बैच 1995 से लेकर गत वर्ष तक के पूर्व छात्र-छात्राओं का नवोदय विद्यालय परिवार में स्वागत एवं पंजीकरण प्रक्रिया विद्यालय के एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई।





कार्यक्रम का शुभारंभ भूतपूर्व विद्यार्थियों के परिचय के साथ हुआ। अध्यनरत विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें स्वागत गीत,भांगड़ा लोकनृत्य, बुंदेली लोकगीत आदि प्रमुख थीं।तत्पश्चात भूतपूर्व छात्राओं द्वारा अपने पूर्व प्राचार्य, शिक्षक गण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। तदोपरांत वर्तमान सेवारत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियां एवं अनुभवों को अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ साझा किया तथा उन्हें मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन देकर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता अनुरूप सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। भूतपूर्व छात्रों ने विद्यार्थियों एवं संस्था के हित में साउंड सिस्टम विद्यालय को समर्पित किया। इस आयोजन में भूतपूर्व छात्र रणजीत सिंह भदोरिया, मनोज नामदेव, जेपी तिवारी, डॉक्टर सुधीर दुबे एवं अन्य साथियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में लगभग 300 भूतपूर्व छात्र छात्राएं उपस्थित रही। जिनमें प्रमुख शख्सियत डॉक्टर रामाकांत रावत 1995 बैच ग्वालियर, कैलाश अग्रवाल 1996 बैच, डॉ उषा दत्त तिवारी (1997 बैच)नेत्र विशेषज्ञ एवं डॉक्टर बृजेंद्र सिंह गौतम 1995 बैच,कुलपति श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर ने अपनी गरिमा में उपस्थिति दर्ज कराई।

जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार विश्वकर्मा के अथक प्रयासों तथा स्टाफ सदस्यों के सहयोग से भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का सफल एवं सुचारु आयोजन संभव हुआ। पूर्व छात्र-छात्राओं ने दिनांक 24 दिसंबर 2023 को विद्यालय के छात्रावास में रात्रि विश्राम करके 25 दिसंबर की सभी गतिविधियों में एक विद्यार्थी के रूप में शामिल होकर अपने छात्र जीवन को पुनः जिया तथा स्मृतियों को ताजा किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन प्रभारी श्रीमती पुष्पा गुप्ता , वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार सोनकिया एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## कर्म, भक्ति व ज्ञानयोग से मोक्ष संभव: रमाशंकर मिश्रा

# गीता जयंती पर सनातन धर्म सेवा समिति ने किया व्याख्यान माला का आयोजन



छतरपुर।

बीते रोज गीता जयंती के अवसर पर सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा स्थानीय वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें आगंतुक विद्वानों ने श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश व सार को समझाते हुए वर्तमान परिवेश में गीता के महत्व को प्रतिपादित किया।

सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि ब्रह्मपुराण के अनुसार मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी (मोक्षदा एकादशी) को गीता जयंती का पर्व मनाया जाता है इसी दिन कुरुक्षेत्र की रणभूमि में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। आधुनिक परिवेश में लोग गीता के महत्व को समझते हुए गीता के विचारों से परिचित होते हुए उसे अपने जीवन में उतारें इस उद्देश्य को लेकर समिति द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यान माला में मुख्यवक्ता के रूप में गीता मनीषी रमाशंकर मिश्रा, मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह-संघचालक गुरुप्रसाद अवस्थी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रृंगारी ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी मधुसूदन पित्रे, वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय के विधि प्राचार्य डॉ. अतुल तिवारी व महंत कौशलेंद्र दास मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, मां सरस्वती पूजन व श्रीमद्भागवत गीता पूजन के साथ हुआ तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने गीता जयंती समारोह की प्रस्तावना व स्वागत भाषण दिया। मुख्यवक्ता रमाशंकर मिश्रा मनीषी ने कहा कि गीता अथाह ज्ञान का सागर है जिसमें जितने गोते लगाएंगे उतना जीवन का सार दिखाई देगा। ये ग्रंथ नहीं जीवन दर्शन है जो कि प्रत्येक प्राणी को मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कराता है इसलिए इसे मोक्षदा एकादशी के रूप में मनाया जाता है उन्होंने गीता के अनेक श्लोकों का सार सभी के समक्ष रखा। मुख्य अतिथि गुरु प्रसाद अवस्थी ने अपने उद्बोधन में समझाया कि सनातन धर्म में गीता का विशेष महत्व है गीता में ही राष्ट्र व मानव के कल्याण का रहस्य छिपा है। अपनी सनातनी परंपरा व संस्कृति को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है इसलिए सभी को धर्मग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए। महंत भगवानदास श्रृंगारी ने कहा कि जब व्यक्ति का अंतिम समय आता है तब गीता पाठ होता है जबकि स्वास्थावस्था में गीता पढ़ते हुए अच्छे कर्म करना चाहिए ताकि ज्ञान, भक्ति व मोक्ष की प्राप्ति हो। विशिष्ट अतिथि मधुसूदन पित्रे ने गीता व रामचरित मानस का तुलनात्मक अध्ययन की चर्चा करते हुए दोनों को एक-दूसरे का पूरक बताया । उन्होंने रामचरित मानस के प्रसंगों के बारे में बताते हुए भक्ति मार्ग के हितोपदेशों दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया । कार्यक्रम का संचालन कु. कविता राज ने किया व आभार प्रदर्शन समिति के अनूप दीक्षित ने किया।



### वेस्ट जोन महिला कबड्डी स्पर्धा का समापन आज

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, छतरपुर के तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के निर्देशानुसार 21 दिसंबर से चल रहे वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता में चौथे दिन रविवार को छह रोमांचक कबड्डी मैच खेले गए। आज सोमवार को पांचवे और अंतिम दिन कबड्डी के इस खेल महाकुंभ का समापन क्षेत्रीय विधायक श्रीमती ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर शुभा तिवारी करेंगी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला उपस्थित रहेंगे।

मीडिया प्रभारी डा सुमति प्रकाश जैन एवं सदस्य डॉ देवेंद्र के. प्रजापति ने बताया कि रविवार को विजयी टीमों को कुलपति प्रोफेसर शुभा तिवारी, प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला , रजिस्ट्रार श्री यशवंत सिंह पटेल , संचालक शारीरिक शिक्षा डा बीपीएस गौर, क्रीड़ा प्रभारी डा एसके छारी तथा पूरी आयोजन समिति ने आत्मीय बधाई देते हुए फाइनल मैच में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। रविवार को खेले गए छह कबड्डी मैच में कोटा यूनिवर्सिटी ने एसएनडीटी मुंबई को, भारतीय विद्यापीठ पुणे ने कच्छ यूनिवर्सिटी भुज को, यूनिवर्सिटी नांदेड़ ने एलएनआईपीई ग्वालियर को एवम मुंबई यूनिवर्सिटी ने आरएसटी नागपुर को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। इसी तरह आल इंडिया के लिए पश्चिम क्षेत्र से क्वालीफाई करने वाली चार टीमों के मध्य दो शानदार लीग मुकाबले खेले गए, जिसमें भारतीय विद्यापीठ पुणे ने नांदेड़ को पराजित किया। दूसरा मुकाबला कोटा और मुंबई यूनिवर्सिटी के मध्य खेला गया जो रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंच कर टाई हो गया।

# भारत हिंदू राष्ट्र कामनार्थ बागेश्वर धाम में एक से 8 मार्च तक होगा महा महोत्सव

## श्री अति विष्णु महायज्ञ और पंचम कन्या विवाह महोत्सव की महाराज श्री ने बताई रूपरेखा



छतरपुर।

पूरी दुनिया के आस्था के केंद्र हम तो की तपो स्थली बागेश्वर धाम में आगामी 1 मार्च से 8 मार्च तक महा महोत्सवआयोजित होने जा रहा है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पत्रकार वार्ता में आयोजन की रुपरेखा बताई। एक से 8 मार्च तक श्री अति विष्णु महायज्ञ के साथ साथ कन्या विवाह महोत्सव आयोजित होगा।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भारत हिंदू राष्ट्र कामनार्थ एक से 8 मार्च 2024 तक कन्या विवाह महोत्सव एवं श्री अति विष्णु महायज्ञ आयोजित होने जा रहा है। यह पंचम कन्या विवाह महोत्सव है। उन्होंने बताया कि हाल ही में वह भारत पाक सीमा के पास एक स्थान पर गए थे जहां उन्होंने बीएसएफ बटालियन पहुंचे। यहां फौजियों ने महाराज जी से आग्रह किया कि सैनिकों और उनके परिवारों की खुशहाली के लिये भी बाला जी से प्रार्थना करें। महाराज श्री ने बताया कि अति विष्णु महायज्ञ देश के सैनिकों को समर्पित है और इस यज्ञ में सैनिकों के परिवारों को भी शामिल किया जाएगा। कैंसर हॉस्पिटल के सवाल पर महाराष्ट्र ने बताया कि जल्द ही होगी चिन्हित की जाएगी और 2029 तक हॉस्पिटल बनाने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने खजुराहो, बागेश्वर धाम, जटाशंकर और भीमकुंड के लिये तीर्थ मार्ग से जोडऩे का मीडिया के माध्यम से प्रशासन से आग्रह किया। उन्होंने देश के सभी हिंदू से आग्रह किया कि वे जाति पाति में न बटकर एकजुट रहे। अपने माता-पिता की शान बढ़ाएं तभी देश की शान बढ़ेगी।

### 30 दिसंबर तक चलेगी श्रीमद भागवत कथा


देश के प्रख्यात कथावाचक डॉ श्याम सुंदर पाराशर के मुखारविंद से सप्त दिवस श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का क्षेत्रवासियों को परम सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। 24 दिसंबर से यह कथा शुरू हुई है और हर रोज संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी।

### बच्चों ने पेंटिंग बनाकर दिखाई अनूठी कला



**ढड़ारी।** रविवार को ग्राम ढड़ारी के शास. मिडिल स्कूल मैदान में सेवा ही संकल्प समिति द्वारा तृतीय रविवार में खुशियों की पाठशाला का आयोजन किया गया । पाठशाला में बच्चों ने पिछले रविवार दिए गए टास्क अनुसार पेंटिंग्स बनाई, जिसमें से अच्छी पेंटिंग बनाकर लाने वाले बच्चों को उपहार दिए गए। इसके साथ ही बौद्धिक खेल, गायन आदि कलात्मक गतिविधियों में अपने हुनर को निखारना सीखा। समिति के लोकेश पुष्पकार ने जानकारी देते हुए बताया कि पाठशाला के द्वितीय चरण में बच्चों का अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है, प्रत्येक बच्चे में अनूठी प्रतिभा है, इन्हीं प्रतिभाओं को मंच देकर उन्हें आगे बढने हेतु प्रेरित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। इस रविवार को पाठशाला में सैकड़ों की संख्या में बच्चे- बच्चियां तथा समिति से नवदीप पाटकर, अमेय तिवारी, लखन अहिरवार, शिवम यादव, नीलेश तिवारी तथा रामकिंकर व्यास उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मनायेगा अटल जी का जन्म दिन

**रीवा ।** ऑल इण्डिया फारवर्ड व्लाक के अनुसूचित जाति मंच के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साकेत, नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आज सेमरिया के ग्राम पंचायत पड़रिया के ग्राम गड़रिया में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं.अटल बिहारी वाजपेयी जी का 99वे जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। नेताद्वय ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता भी उपस्थित रहेगे। मोतीलाल साकेत, नागेन्द्र सिह कल्चुरी, राजकुमार कोल, पूजा कोल, रामजी साकेत, शिवकुमार कोल, भइयालाल कोल, रामगोपाल कोल ने अटल जी के जन्म दिन के अवसर पर समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर होगा विराट कवि सम्मेलन

**मऊगंज** जिले के ग्राम पंचायत खटखरी मै दिनांक 25 दिसंबर 2023 को शाम पांच बजे से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विंध्य के जाने-माने कवि शिरकत करेंगे, एंव अटल बिहारी वाजपेई के जंयती के परिपेक्ष्य मे काव्य पाठ करेंगे। जानकारी देते हुए समाजसेवी प्रदीप केसरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश पांडे पूर्व राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल एवं वर्तमान भाजपा प्रदेश मंत्री होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल करेंगे कवियों में हास्य कवि रामलखन महगना व्यंग्यकार सूर्यमणि शुक्ला मलगलित, मंच संचालक आशीष तिवारी निर्मल, ओजकवि भूपधर अलबेला, सत्येंद्र शुक्ला सजग एवं हेमलता दहिया की काव्यमयी प्रस्तुति होगी।

### शशांक त्रिपाठी ने 11वें दिक्षांत समारोह में अर्जित किया स्वर्ण पदक



**रीवा ।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 11वें दिक्षांत समारोह के अवसर पर एल.एल.एम.अंतिम वर्ष के छात्र शशांक त्रिपाठी कुलपति स्वर्ण पदक अर्जित कर विश्वविद्यालय का नाम गौरान्वित किया। गौरतलब है कि शशांक त्रिपाठी एल.एल.एम. लॉ डिपार्टमेन्ट यू.टी.डी.से अंतिम वर्ष 2023 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक कुलाधिपति के हांथो प्राप्त किया। शशांक त्रिपाठी के स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर एडवोकेट शशिधर तिवारी, एडवोकेट प्रशांत मिश्रा, एडवोकेट यशपाल सिंह सेंगर, एडवोकेट प्रसिद्ध द्विवेदी, सागर शर्मा, आदि ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

### धान खरीदी के मामले में सरकार पर लगाये आरोप

**अनूपपुर।** भारतीय गणवार्ता (भगवा) पार्टी अनूपपुर के जिलाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि धान खरीदी के मामले में सरकार अपनी घोषणा पर अमल नहीं कर रही। उन्होंने मांग की है कि सरकार अपनी घोषणा के अनुरूप समर्थन मूल्य के अनुसार धान का का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि एमएसपी को लेकर हाल के विधानसभा चुनावों में जिस तरह से भाजपा ने वायदे किये थे वह पूरे होते नहीं दिख रहे। यही कारण है कि समर्थन मूल्य को लेकर अब राजनीतिक पार्टी भारतीय गण वार्ता पार्टी सरकार को कटघरे में खड़ा कर रही है। ज्ञातव्य हो कि विधानसभा चुनावों के समय पर जहां कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 रुपए करने का वायदा किया था।

## नईगढ़ी में जन्मी डॉ.जागृति सिंह आर्मी के आरवीसी में कैप्टन बनी

# देश की पहली महिला ने दर्ज किया नाम

केंद्र सरकार ने हाल ही आर्मी के रिमाउंट विटनरी कोर (आरवीसी) में महिलाओं की नियुक्ति के लिए दरवाजे खोले। पहली ही बार में हजारों की संख्या में महिलाओं ने इस पद के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में जोर अजमाईश की लेकिन देश के चार महिलाओं का इस पद पर चयन किया गया। जिसमें से एक मऊगंज जिले के नईगढ़ी तहसील अंतर्गत ग्राम फूलकरण सिंह में जन्मी जागृति सिंह का नाम शामिल है।



रीवा !

जागृति सिंह के पिता जगत बहादुर सिंह सेंगर आर्मी में कैप्टन के पद से सेवा निवृत हुए है, जो अस्थि रोग विशेषज्ञ के जाने माने डॉक्टर मनमोहन सिंह के छोटे भाई है। रीवा अनंतपुर निवासी जगत बहादुर सिंह की पुत्री डॉ. जागृति सिंह के अलावा मध्यप्रदेश के भोपाल एंव जबलपुर से मोनिषा प्रभाकर तथा हर्षिता राघव के साथ ही आसाम की एक लड़की का आर्मी के रिमाउंट विटनरी कोर में कैप्टन के पद पर चयन हुआ है। डॉ. जागृति सिंह के पिता सेनि. कैप्टन जगत बहादुर सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री डॉ. जागृति सिंह ने आर्मी विभाग के सर्विस सलेक्शन बोर्ड भोपाल में अक्टूबर माह में आरवीसी की परीक्षा दी थी। जिसका परिणाम हाल ही 22 दिसंबर को आया है, साथ ही नियुक्ति पत्र में प्रशिक्षण केंद्र मेरठ में 28 दिसंबर को उपस्थिति दर्ज होने के निर्देश दिये गये है, जहां 5 माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बाक्स आर्मी में जाने का बचपन से ही थी जिज्ञासा, एनसीसी ज्वाइन कर घुड़ सवारी में मारी थी बाजी पिता के आर्मी में देख बचपन से ही डॉ. जागृति सिंह की जिज्ञासा देश की सेवा करने के लिए हो रहा था। अपनी मंजिल हासिल करने के लिए जागृति सिंह ने विटनरी का रास्ता चुना और शिक्षा के दौरान ही जागृति सिंह ने एनसीसी ज्वाइन कर लिया। एनसीसी में ही रहते हुए जागृति ने घुड़ सवारी में अपने शौर्य का प्रदर्शन कर कई मैडल जीते। यहां तक की राज्य स्तरीय घुड़ सवारी में जागृति सिंह ने पहला स्थान अर्जित किया था। खेल में उनकी रूचि कम नहीं हुई देश के टॉप कालेजों में एक इंडियन विटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट बरेली यूपी में कबड्डी में सर्वश्रेष्ठ खिलाडिय़ों में उनका नाम दर्ज किया गया था। अपनी मंजिल हासिल करने के लिए उन्होने विटनरी का मार्ग चुन कठिन परिश्रम करके अपनी मंजिल हासिल कर ली। बाक्स केंद्रीय विद्यालय रीवा में ली थी प्राथमिक शिक्षा नईगढ़ी के फूलकरण सिंह गांव में जन्मी जागृति सिंह की प्रारंभिक शिक्षा रीवा स्थित केंद्रीय विद्यालय में हुई थी। उसके बाद 10 वीं एवं 12 वीं की पढ़ाई राजस्थान राज्य के अलवर जिले में स्थित केंद्रीय विद्यालय की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने जबलपुर की ओर रूख किया और विटनरी कॉलेज जबलपुर में यूजी शिक्षा ग्रहण की। इस दौरान उनको कालेज के टॉपर विद्यार्थी के रूप में नवाजते हुए मैडल से सम्मानित किया गया था। पीजी की पढ़ाई (डिग्री) के लिए जागृति सिंह ने देश के टॉप कालेजो में से एक इंडियन विटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट बरेली यूपी में अर्जित की।

### छोटे भाई ने बड़ी बहन को दिखाया आरवीसी में कैप्टन तक का रास्ता

यहां दिलचस्प बात तो है कि डॉ. जागृति सिंह को इस मुकाम तक पहुंचाने वाला कोई और नहीं उनका ही छोटा भाई सौरव सिंह है। सौरव सिंह फिलहाल तो मैनेकिल इंजीनियरिंग से बीटेक की पढ़ाई किये है, लेकिन स्वंय आर्मी में अफसर पद के लिए सर्विस सलेक्शन बोर्ड में दो बार प्रतियोगिता परीक्षा में भाग ले चुके हैं। जिससे उनको इस मार्ग का अच्छा खासा अनुभव हो चुका है। अपने अनुभव को अपनी छोटी बहन के साथ साझा किया और परिणाम यह निकला कि पहली ही प्रतियोगिता में चयन होकर नईगढ़ी ही नहीं पूरे परिवार का मान-सम्मान बढ़ाया। इस ऊंचाई तक पहुंचने के लिए डॉ. जागृति सिंह ने अपने छोटे भाई सौरव सिंह को श्रेय देते हुए अपने परिवार के बड़े-बुजुर्गो का आशिर्वाद माना है।

## टाटा ग्रीन बैटरीज का ओम साई राम एजेन्सी के साथ डीलर मीट आयोजन रीवा में हुआ संपन्न

रीवा

टाटा ग्रीन बेटरीज ने ओम साई राम एजेन्मी के साथ डीलर मीट का आयोजन रीवा के रामा पैलेस में संपन्न हुआ जिसमें टाटा ग्रीन द्वारा पॉइंट्स स्कीम,सर्वोत्तम गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी कीमतों के साथ ऑडी, बीएमडब्ल्यू, फॅर्च्यूनर आदि जैसे उच्च-स्तरीय वाहनों के लिए हाई-एंड डिन बैट्री सीरीज़ लॉन्च की गई। टाटा ग्रीन बैटरी के




बैटरीज से रीजनल मेनेजन अजीत चौबे ब्रांच मेनेजर शैलेन्द्र मिश्रा, एरिया इंचार्ज बालेश्वर सिंह सिसोदिया, मध्य प्रदेश हेड पियूस बिडला एवं ओम साई राम एजेन्सी के आनर यज्ञ नरायन गुप्ता जी के मार्गदर्शन में 90 से ज्यादा डीलर सक्रिय रूप से भाग लिया। खुदरा विक्रेताओं के लिए टीजी कनेक्ट पॉइंट्स, टीजीवाए 2.0, वीआईपी क्लब के माध्यम से उपनगरीय बाजारों में सर्विस पॉइंट्स का विस्तार, टीजीवाए कनेक्ट प्लस के वितरक ओम साई एजेंसी रीवा एंड टीजीवाए टीम द्वारा शानदार डीलर मीट में रीवा संभाग से अलग अलग-अलग क्षेत्रो से 10 से ज्यादा डीलरों को सम्मिलित किया गया और टाटा ग्रीन बैटरी के बारे में पेपर लेस वारंटी एवं स्कीम के बारे में डीलरों को आवगत कराया गया सभी डीलर और टीम अब तक की सबसे अधिक डिलीवरी करने और इस ब्रांड को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हुए !

## मन को आनंद देने वाली शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ - स्वामी ऋतेश्वर

### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय विन्ध्य में शिक्षा की अलख जगा रहा - राज्यपाल







#### युवा समाज और देश के विकास में योगदान दें - राज्यपाल

#### युवा अपना भविष्य बनाने के साथ समाज और देश के प्रति कत्र्तव्य भी निभाएं - उप मुख्यमंत्री

रीवा !

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का 11वां दीक्षांत समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वृंदावन के आनंद पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी ऋतेश्वर ने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि मन को आनंद देने वाली शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और सनातन धर्म का मेल कराकर नई तरह की शिक्षा देने के लिए शीघ्र ही सनातन विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। समारोह में राज्यपाल तथा कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को पदक तथा उपाधि प्रदान की। समारोह का आयोजन पंडित शंभुनाथ शुक्ल सभागार में किया गया। समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल तथा अन्य अतिथियों के साथ विश्वविद्यालय के आचार्यों ने शोभा यात्रा निकाली। समारोह में विश्वविद्यालय की पत्रिका दीक्षा पर्व, पुस्तिका विन्ध्य भारती और दीक्षांत प्रोफाइल का विमोचन किया गया।

समारोह में कुलाधिपति श्री पटेल ने कहा कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय विन्ध्य में शिक्षा की अलख जगा रहा है। शिक्षा विकास का आधार है। शिक्षा ही हमें कत्र्तव्यों का भान कराकर श्रेष्ठ नागरिक बनाती है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगार मूलक पाठक्रम भी संचालित करे जिससे युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को नई शिक्षा नीति तथा रोजगार के अवसर देने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। सभी युवा समाज और देश के विकास में सहभागी बनें। विद्यार्थी का जीवन अनुशासित होना चाहिए। बिजली और पानी की बचत करके भी हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। सभी विद्यार्थियों को मैं उज्ज्वल भविष्य और अच्छी सफलता की शुभकामना देता हूं। विद्यार्थी बड़ी से बड़ी सफलता पाने के बाद भी माता-पिता की सेवा करना न भूलें।

समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा विकास का आधार है। युवा अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। अपना भविष्य संवारने के साथ समाज और देश के प्रति अपना कत्र्तव्य भी निभाएं। संस्कार के बिना शिक्षा सुगंधहीन पुष्प की तरह होती है। शिक्षा तथा ऊंची सफलता प्राप्त करने के साथ हम संवेदनशील बनें। जब विद्यार्थी, शिक्षक, राजनेता, डॉक्टर, इंजीनियर और हर क्षेत्र के प्रमुख लोग देश तथा गरीबों के प्रति संवेदनशील होंगे तभी देश विश्वगुरू बनने के लिए मजबूती से आगे बढ़ेगा। सत्ता के शीर्ष में बैठे हुए व्यक्ति की संवेदनशीलता से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिनसे गरीबों तथा विकास के दौड़ में पीछे छूट गए व्यक्तियों का कल्याण हो रहा है।

समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि दीक्षांत का अर्थ शिक्षा का अंत नहीं है। शिक्षा जीवन भर प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को आज शपथ दीक्षांत समारोह में दिलाई गई है उसका पालन करते हुए देश के विकास में योगदान दें। जरूरतमंद को शिक्षा में सहयोग देकर भी युवा अपना कत्र्तव्य निभाएं। समारोह में कुलपति राजकुमार आचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रमुख गतिविधियों की भी जानकारी दी। समारोह में कला, विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, व्यावसायिक अर्थशास्त्र, विधि सहित विभिन्न विषयों के उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को उपाधि तथा पदक प्रदान किए गए। समारोह के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति श्री आचार्य ने अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, विश्वविद्यालय के आचार्यगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन कुलसचिव डॉ सुरेन्द्र सिंह बघेल तथा प्रोफेसर डॉ दिनेश कुशवाहा ने किया।

## शाहपुर पंचायत में आधा दशक बाद भी पानी टंकी निर्माण का कार्य नहीं हुआ पूरा

### विभाग की अनदेखी एवं ठेकेदार की मनमानी के चलते ग्रामीणों को नहीं मिल पाया योजना का लाभ

मऊगंज

नवगठित मऊगंज जिले के हनुमना विकास खंड अंतर्गत आने वाले शाहपुर ग्राम पंचायत मे आधा दशक पूर्व जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामीण जनता को घर-घर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी की टंकी बनाए जाने की कार्य योजना लाई गई थी। लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी एवं संबंधी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की लापरवाही के चलते आज तक पानी की टंकी का निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो सका। ग्रामीणों की माने तो करीब 1 वर्ष से टंकी निर्माण का कार्य भी बंद कर दिया गया। संबंधी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार निर्माण का कार्य छोड़कर कहां गायब हो गया, किसी को भी पता नहीं। लोगों ने बताया कि दर्जनों बार विभाग के समक्ष गुहार लगाया कि टंकी निर्माण का कार्य पूरा कर नल जल योजना के तहत जनता को पेयजल प्रदाय किया जाए। लेकिन विभाग द्वारा सुनवाई नहीं की गई। जिसका परिणाम यह रहा की आज भी गांव की जनता योजना का लाभ पाने से वंचित है।

#### समीक्षा बैठक का नहीं पड़ा असर

विभाग से लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा आए दिन निर्माण कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक ली जाती है। आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों द्वारा संबंधी अधिकारियों एवं ठेकेदारों को यह भी



हिदायत दिए जाते हैं कि समय रहते निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएं। लेकिन समीक्षा बैठक उपरांत दी गई हिदायत का असर न तो जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित विभाग एवं ठेकेदार को पडता। जिसके चलते शाहपुर ग्राम पंचायत स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी का आधा अधूरा कार्य आज तक पूर्णता की गुहार लगाता नजर आ रहा है। जिसके निर्माण कार्य में गति लाने के लिए न तो विभाग सामने आया और न ही जिम्मेदार निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य चालू किया गया।*घटिया निर्माण के चलते सीढ़ियों में आई दरारें*जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत निर्माण कराई गई अधुरी पानी की टंकी में संबंधी निर्माण एजेंसी द्वारा किस तरह अनियमितता बरती गई प्रत्यक्ष रूप से सामने दिखाई देती है। आलम यह है कि घटिया निर्माण के चलते निर्माणाधीन टंकी में बनाई गई सीढ़ियों में कार्य पूर्ण होने से पहले ही जगह-जगह दरारें आ गई। जिसके रखरखाव एवं सुधार में समय रहते यदि ध्यान नहीं दिया गया तो निर्माणाधीन टंकी पर भी असर पड़ सकता है। यहां सबसे बड़ा सवाल यहां उठता है कि जिस समय निर्माण एजेंसी द्वारा संबंधी निर्माण कार्य कराया जा रहा था उस समय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर के द्वारा निर्माण कार्य की अनदेखी क्यों कि गई। यदि पीएचई विभाग के इंजीनियर निर्माण संबंधी एजेंसी के निर्माण कार्य पर नजर रखते तो शायद बेहतर निर्माण कार्य होता। लेकिन इधर विभाग की अनदेखी के कारण बनने से पहले ही पानी की टंकी की सीढ़ियों में दरारें नजर आने लगी। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आधे अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए साथ ही कराए गए निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच करते हुए दोषी पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाए।ग्रामीणों ने कहा कि जिले बन जाने और कलेक्टर के आने से निर्माण कार्य की संभावनाएं जागी हैं। शाहपुर गांव निवासी राम सुरेश साकेत शिवा साकेत महावीर साकेत श्याम लाल पटेल सहित अन्य ग्रामीण ने कलेक्टर मऊगंज एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि आधा अधूरा पानी की टंकी के निर्माण का कार्य जन सुखाधिकार को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ कराया जाए साथ ही निर्माण कार्य में वर्ती गई अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही की जाए।इनका कहना है -हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर स्थित पानी टंकी निर्माण कार्य में संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा कुछ लापरवाही बरती गई है जिसके कारण निर्माण कार्य में थोड़ा विलंब हुआ, विभाग द्वारा लिखा पढ़ी की गई है। जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण कराने का प्रयास जारी है।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर परिषद नईगढ़ी में हुआ आयोजन

### मुख्य अतिथि विधायक गिरीश गौतम रहै

मऊगंज

प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा 23 दिसंबर को देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डिहिया पडान, हिनौती, बहेरा नानकर से होकर नगर परिषद नईगढ़ी पहुंची जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगह-जगह विधानसभा क्षेत्र के विधायक गिरीश गौतम एवं मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया गया वहीं विभिन्न योजनाओं से छूटे एवं वंचित लोगों के आवेदन लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। नईगढ़ी नगर परिषद में आयोजित विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गिरीश गौतम ने मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी, मऊगंज जिले के कलेक्टर द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताते हुए यह जानकारी दी है कि लोग अधिक से अधिक इन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद नईगढ़ी के अध्यक्ष नगीना गुप्ता उपाध्यक्ष विभा शर्मा,एसडीएम बी एम पांडे, तहसीलदार दीपक तिवारी ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहै।